
पटना सायंस कालेज मे तीनदिवसिया कार्यशाला समापन पर प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन

दिनांक २०/०५/२४ को पटना सायंस कालेज के व्यावसायिक एवं स्ववित्तपोसि भवन मे बी.एस.सी. पर्यावरण विज्ञान के छात्रों के लिए प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन, प्राचार्य प्रो० (डा०) डी. एन. ठाकुर के अध्यक्षता मे किया गया.

इस कार्यक्रम का संचालन बी.एस.सी. पर्यावरण विज्ञान की समन्वयक डा० पुनम रंजन द्वारा किया गया। आ.ई.क्यू.ए.सी. के समन्वयक प्रो० (डा०) चौधरी शर्फुद्दीन ने छात्रों के इस कार्यक्रम की महता पर प्रकाश डाला। कैंपस के डा० शेखर, डा० प्रियंका शर्मा सहित अन्य शिक्षकों ने इस मौके पर उपस्थित होकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों की ओर से चतुर्थ सेमेस्टर के विवेक चंचल ने गौरैया संरक्षण एवं गाय गोबर गौरैया की सहभागिता विषय से जुड़े कार्यशाला के अनुभव को साझा किया।

इसके पहले २/०५/२५ से ४/०५/२५ के दौरान "स्पैरो होम प्रेपरेशन" कार्यशाला का आयोजन बी.एस.सी. पर्यावरण विज्ञान के छात्रों के लिए किया गया था, जिसमे छात्रों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ गौरया संरक्षण से जुड़े पहलुओ को जाना। इसमें संजय गाँधी जैविक उद्यान की ओर से श्री निशांत रंजन ने महत्वपूर्ण योगदान दिया । कैंपस मे स्पैरो होम लगाने मे बी.एस.सी. पर्यावरण विज्ञान के छात्रों एवं कर्मचारीयों की अहं भूमिका रही ।





20.05.24
PRINCIPAL
PATNA SCIENCE COLLEGE
PATNA-800 005